**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2966**
**उत्तर देने की तारीख : 08.08.2024**

**आंध्र प्रदेश में सूक्ष्म, लधु और मध्यम उद्यम**

**2966. श्री पुट्टा महेश कुमार :**
**डॉ. गुम्मा तनुजा रानी :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कितने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) संचालित किए जा रहे हैं;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश सहित देश में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत पंजीकृत उद्यमों की कुल सख्या और स्थापित किए गए नए उद्यमों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता की कुल राशि का जिला-वार, विशेषकर एलुरू जिले में स्थित एमएसएमई के संबंध में ब्यौरा क्या है;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत कितनी धनराशि आबंटित की गई और कितनी धनराशि का उपयोग किया गया; और
(ड.) क्या सरकार ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई संवर्धनात्मक अभियान चलाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमराज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

(क):उद्यम पंजीकरण पोर्टल दिनांक 01.07.2020 को एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए नए संशोधित मानदंडों के साथ शुरू किया गया था। दिनांक 05.08.2024 की स्थिति के अनुसार, उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर 2021-22 से 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश में पंजीकृत एमएसएमई की कुल संख्या 18,36,977 थी।

उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर आंध्र प्रदेश में पंजीकृत एमएसएमई की वर्षवार संख्या निम्नानुसार है:

| वर्ष | आंध्र प्रदेश में उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म* और उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकृत एमएसएमई की संख्या |
|---|---|
| 2021-22 | 1,47,162 |
| 2022-23 | 12,23,584 |
| 2023-24 | 4,66,231 |

*दिनांक 11.01.2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्मकी शुरूआत की गई।

(ख) और(ग):प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत 2008-09में कार्यक्रम की शुरुआत से 15.07.2024 तक, 9.65 लाख से अधिक सूक्ष्म उद्यमों के लिए अनुमानित 78.8 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करते हुए 25,263 करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन राशि सब्सिडी के साथ सहायता दी गई है।

पीएमईजीपी के तहतपूरे देश और आंध्र प्रदेश राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान सहायता प्राप्त करने वाली इकाइयों की संख्या नीचे दी गई है औरइसका जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

| वित्तीय वर्ष | पीएमईजीपीके तहत सहायता प्राप्त करने वाली इकाइयों की सं. | |
|---|---|---|
| | अखिल भारत | आंध्र प्रदेश |
| 2019-20 | 66,653 | 2,197 |
| 2020-21 | 74,415 | 1,677 |
| 2021-22 | 1,03,219 | 2,477 |
| 2022-23 | 85,167 | 3,073 |
| 2023-24 | 89,118 | 5,577 |

पीएमईजीपी के तहत, पिछले पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश राज्य में 561.24 करोड़ रुपये की सब्सिडी मार्जिन राशि वितरित की गई है। जिला-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ): आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के तहत आबंटित और उपयोग की गई निधियों की मात्रा:

| वित्तीय वर्ष | उपयोग हेतु लक्षित मार्जिन राशि (रु. लाख में) | उपयोग की गई मार्जिन राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 10,580.00 | 9,039.19 |
| 2020-21 | 6,799.38 | 6,866.00 |
| 2021-22 | 9,099.19 | 10,088.80 |
| 2022-23 | 8,105.97 | 12,929.93 |
| 2023-24 | 10,102.96 | 17,199.84 |

(ङ): पीएमईजीपी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश सहित देश भर में सरकार द्वारा उठाए जा रहे प्रमुख कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. भावी उद्यमियों के बीच योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सभी स्तरों पर जागरूकता शिविर, कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां आयोजित की जा रही हैं।

ii. प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पीएमईजीपी योजना का प्रचार।

iii. युवाओं और भावी उद्यमियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक रविवार को सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए विभिन्न गतिविधियों पर वेबिनार आयोजित किए जाते हैं।

iv. स्कीम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो जिंगल बनाए गए हैं।

v. ग्रामीण क्षेत्रों के संभावित लाभार्थीजो आवेदनों के ऑनलाइन माध्यम से परिचित नहीं हैं,के लिएभीपीएमईजीपी आवेदन पत्र के लिए ऑफलाइन माध्यम की शुरूआत की गई है।

vi. पीएमईजीपी पोर्टल पर विभिन्न उद्योगों के बारे में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के 1056 मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं।

***

**अनुबंध-I**

**लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2966, जिसका उत्तर दिनांक 08.08.2024 को दिया जाना है, के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| पीएमईजीपी के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश में सहायता प्राप्तकरने वाली इकाइयों की जिला-वार संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | जिला | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | - | - | 0 | 28 | 58 |
| 2 | अनकापल्ली | - | - | 0 | 52 | 144 |
| 3 | अनंतपुर | 240 | 178 | 199 | 179 | 228 |
| 4 | अन्नामय्या | - | - | 0 | 49 | 630 |
| 5 | बापतला | - | - | 0 | 47 | 146 |
| 6 | चित्तूर | 160 | 135 | 206 | 163 | 240 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 344 | 301 | 360 | 345 | 309 |
| **8** | **एलूरु** | **-** | **-** | **0** | **110** | **147** |
| 9 | गुंटूर | 173 | 145 | 240 | 206 | 164 |
| 10 | कडपा (वाईएसआर) | 84 | 69 | 119 | 153 | 168 |
| 11 | काकीनाडा | - | - | 0 | 74 | 136 |
| 12 | कोनासीमा | - | - | 0 | 81 | 156 |
| 13 | कृष्णा | 130 | 97 | 194 | 131 | 149 |
| 14 | कुरनूल | 130 | 80 | 149 | 152 | 162 |
| 15 | नानादयाल | - | - | 0 | 23 | 107 |
| 16 | नेल्लोर | 106 | 95 | 147 | 234 | 153 |
| 17 | एनटीआर | - | - | 0 | 32 | 133 |
| 18 | पलनाडु | - | - | 0 | 48 | 106 |
| 19 | पार्वतीपुरम सम्मान | - | - | 0 | 21 | 67 |
| 20 | प्रकाशम | 191 | 157 | 197 | 165 | 212 |
| 21 | श्री सत्यसाई | - | - | 0 | 77 | 215 |
| 22 | श्रीकाकुलम | 145 | 86 | 157 | 157 | 267 |
| 23 | तिरुपति | - | - | 0 | 46 | 503 |
| 24 | विशाखापत्तनम | 125 | 77 | 127 | 98 | 93 |
| 25 | विजयनगरम | 121 | 78 | 141 | 169 | 687 |
| 26 | पश्चिम गोदावरी | 248 | 179 | 241 | 233 | 197 |
| **कुल** | | **2,197** | **1,677** | **2,477** | **3,073** | **5,577** |

अनुबंध-II

**लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2966, जिसका उत्तर दिनांक 08.08.2024 को दिया जाना है, के भाग(ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| पीएमईजीपी के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश में जिला-वार वितरित की गईमार्जिन राशि | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | जिला | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 0.00 | - | - | 26.32 | 79.15 |
| 2 | अनकापल्ली | 0.00 | - | - | 348.21 | 565.34 |
| 3 | अनंतपुर | 483.37 | 474.91 | 690.71 | 637.46 | 658.78 |
| 4 | अन्नामय्या | 0.00 | - | - | 159.05 | 1056.63 |
| 5 | बापतला | - | - | - | 162.52 | 399.38 |
| 6 | चित्तूर | 603.27 | 354.48 | 713.85 | 620.38 | 611.62 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 1429.87 | 1294.38 | 1707.41 | 1540.25 | 1234.06 |
| **8** | **एलूरु** | **0.00** | - | - | **504.68** | **676.34** |
| 9 | गुंटूर | 665.22 | 634.37 | 1127.63 | 1051.51 | 1008.46 |
| 10 | कडपा (वाईएसआर) | 417.14 | 308.27 | 464.44 | 618.62 | 602.50 |
| 11 | काकीनाडा | 0.00 | - | - | 397.63 | 587.31 |
| 12 | कोनासीमा | 0.00 | - | - | 456.80 | 633.44 |
| 13 | कृष्णा | 659.31 | 492.48 | 800.13 | 559.60 | 695.58 |
| 14 | कुरनूल | 516.90 | 242.77 | 509.53 | 457.87 | 450.04 |
| 15 | नानादयाल | 0.00 | - | - | 68.15 | 259.45 |
| 16 | नेल्लोर | 423.71 | 289.80 | 531.48 | 971.54 | 698.84 |
| 17 | एनटीआर | 0.00 | - | - | 111.16 | 376.48 |
| 18 | पलनाडु | 0.00 | - | - | 236.33 | 636.59 |
| 19 | पार्वतीपुरम सम्मान | 0.00 | - | - | 74.72 | 187.74 |
| 20 | प्रकाशम | 730.16 | 640.69 | 742.11 | 632.70 | 719.91 |
| 21 | श्री सत्यसाई | 0.00 | - | - | 574.36 | 997.31 |
| 22 | श्रीकाकुलम | 685.28 | 376.95 | 723.95 | 745.99 | 1131.19 |
| 23 | तिरुपति | 0.00 | - | - | 189.01 | 873.49 |
| 24 | विशाखापत्तनम | 627.98 | 367.64 | 545.10 | 451.72 | 431.28 |
| 25 | विजयनगरम | 603.19 | 379.66 | 534.52 | 445.92 | 904.47 |
| 26 | पश्चिम गोदावरी | 1193.79 | 1009.60 | 997.71 | 887.44 | 724.46 |
| **कुल** | | **9039.19** | **6866.00** | **10088.57** | **12929.94** | **17199.84** |